**विधान परिषद् के द्‌वितीय सत्र, 2022 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्‌वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-3 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 3 (क) क्या उप मुख्यमंत्री बतायेंगे कि आयुष्मान योजना के तहत किस आय वर्ग के लोगो के कार्ड बनाये गये हैं ? | ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक, आर्थिक एवं जातिगत जनगणना 2011 की 6 चिन्हित श्रेणियों एवं शहरी क्षेत्र की 11 चिन्हित कामगार श्रेणियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत पात्रता सूची में सम्मिलित किया गया है।<br>उपरोक्त के अतिरिक्त योजना के अन्तर्गत प्रारम्भ की गयी राज्य पोषित योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्ड धारक परिवार व श्रम विभाग में पंजीकृत भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार सम्मिलित है।<br>पात्रता का निर्धारण आय वर्ग नहीं व वरन् socio- economic caste census व उपरिवर्णित बिन्दुओं पर पर आधारित है, न की आय वर्ग के आधार पर। |
| (ख) क्या इस योजना से आच्छादित होने वाले सभी पात्र लोगों के कार्ड बने हैं ? | आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आच्छादित 1.73 करोड़ पात्र परिवारों (आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - 1.16 करोड़, मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत अन्त्योदय कार्ड धारक, एस0ई0सी0सी0-2011 से वंचित पात्र परिवार एवं श्रम विभाग में पंजीकृत भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार व अन्य अनुमन्य श्रेणियां लगभग– 57 लाख ) में से अब तक 80,20,382 लाभार्थी परिवारों के (46.18 प्रतिशत) कार्ड बनाये जा चुके हैं। |
| (ग) यदि हाँ, तो जनपद इटावा व औरैया में कुल कितने आयुष्मान कार्ड धारक हैं, उनका विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | जनपद इटावा व औरैया में क्रमश: 1,30,131 लाभार्थी एवं 1,29,768 लाभार्थी आयुष्मान कार्ड धारक हैं। |
| (घ) यदि पात्र लोग इस योजना से छूट गये हैं तो उनके आयुष्मान कार्ड कब तक बनवायेंगे ? | योजनान्तर्गत पूर्व से आयुष्मान कार्ड बनवाकर रखना अनिवार्य नहीं है। पात्र लाभार्थी इलाज के समय भर्ती के पूर्व आयुष्मान कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर लाभार्थियों के कार्ड बनवाये जाते हैं। दि0 05 जुलाई, 2022 से दि0 20 जुलाई, 2022 तक विशेष अभियान चलाकर 4,65,984 लोगों के कार्ड बनाये गये हैं। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

ब्रजेश पाठक,<br>
उप मुख्यमंत्री।